हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 294 | देहरादून, मंगलवार, 21 मई 2024 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 16



पूर्व सैनिकों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू, 11 जून से करें आवेदन 3

# केदारनाथ : बन गया एक और नया रिकॉर्ड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग 21 मई : केदारनाथ में अभी का मंजर कुछ ऐसा है कि हेलीपैड से मंदिर तक लंबी लाइन लगी रही तो पैदल मार्ग पर भी भक्तों का रेला उमड़ा रहा है। धाम में कपाट खुलने के बाद से अभी तक कुल दर्शनार्थियों की संख्या दो लाख 17 हजार से अधिक हो गई है।

पंच केदार में प्रमुख केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही यात्रा में नया अध्याय भी जुड़ गया है। कपाटोद्घाटन पर धाम में 29,030 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। यह कपाट खुलने के दिन दर्शनार्थियों का नया रिकॉर्ड था लेकिन अब यहाँ आ रहे श्रद्धालुओं ने एक नया रिकॉर्ड दर्ज कर लिया है। कपाटोद्घाटन के बाईट दिनों में ही धाम में दर्शनार्थियों का आंकडा दो लाख के पार हो गया है। पूरे दिनभर धाम में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही है। बाबा के दर्शनों के लिए आस्था पथ पर भक्तों की लम्बी-लम्बी लाइन लग रही है, पूरा मंदिर परिसर भी भक्तों से खचाखच भर भरा है।

यात्रा के प्रथम सप्ताह में केदारनाथ में प्रतिदिन औसतन 26 हजार से अधिक श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर चुके हैं। बीते दिन भी धाम में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटी रही। सुबह 4 बजे से ही आस्था पथ तक भक्तों की दर्शन के लिए लाइन लग गई थी। जब भीड़ ज्यादा बढ़ गई तो श्रद्धालुओं को सभामंडप से ही दर्शन कराए गए। बीते वर्ष 2023 में आठवें दिन तक धाम में 116108 शिव भक्तों ने दर्शन किए थे। श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के कार्यधिकारी रमेश चंद्र तिवारी ने बताया कि इस वर्ष उम्मीद से अधिक श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिस कारण धर्म दर्शन सभामंडप से ही कराए जा रहे हैं।





## उत्तराखंड : चारधाम सहित 7 जिलों में होगी झमाझम बारिश, मैदानों में हीट वेव का अलर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 21 मई : गर्मी का प्रकोप मैदानों में फिर से सताने लगा है और राजधानी में तो गर्मी ने पिछले 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है यहाँ तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है। वहीं राज्य के पर्वतीय जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश के चलते बढ़ती गर्मी से राहत मिली है।इन दिनों उत्तराखंड में पड़ रही भीषण गर्मी से सभी बेहाल है, तापमान इतना अधिक बढ़ चुका है कि मैदानी क्षेत्रों में पिछले 10 वर्षों के भी रिकॉर्ड टूट चुके हैं।

बीते दिन मैदानी जिलों में दिनभर गर्मी की तपिश बरकरार थी। दोपहर में लू के थपेड़ों ने बाजार की गतिविधियों को शांत कर दिया। दिन के समय लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में दोपहर के बाद हुई बारिश से लोगों को हल्की राहत मिली है।मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से प्रदेश के पर्वतीय जिलों उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा और टिहरी के कुछ हिस्सों में वर्षा होने की आशंका है, जबकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा और मैदानी इलाकों में हीटवेव को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। आज भी गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर सकती हैं।देहरादून का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पंतनगर का तापमान 39.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री रहा। जबकि मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस था। नई टिहरी का अधिकतम तापमान 28.4 और न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।





## एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने धरातल पर पहुँच कर लिया यातायात व्यवस्था का जायजा



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 21 मई : चारधाम यात्रा के दौरान यातायात को सुचारू और सुगम बनाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा कस्बा श्रीनगर में बनाई गयी यातायात व्यवस्था का स्वंय श्रीनगर में पहुँचकर जायजा लिया गया, जिसमें महोदय द्वारा कीर्तिनगर पुल से लेकर सिरोबगड़ तक सभी ड्युटी प्वाइटों को भौतिक रूप से चेक करते हुये यातायात व्यवस्था को और प्रभावी रूप से सुगम बनाने हेतु क्षेत्राधिकारी श्रीनगर व अन्य अधीनस्थ कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। श्री केदारनाथ व श्री बद्रीनाथ जी में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ होने के कारण वहाँ पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है जिस कारण आगे की यातायात व्यवस्था के सफल संचालन हेतु कस्बा श्रीनगर में वाहनों को थोड़ी देर रोककर धीरे-धीरे श्री केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ धाम की ओर छोड़ा जा रहा है। महोदय द्वारा रोके गये तीर्थ यात्रियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखने हेतु भी सभी ड्युटी कार्मिकों को निर्देशित किया गया।

# चारधाम यात्रा के प्रभारी सचिव आर राजेश कुमार ने सम्हाला मोर्चा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 21 मई : उत्तराखंड चारधाम यात्रा की व्यवस्थाएं धीरे-धीरे पटरी पर आने लगी है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बाद लगातार शासन के तमाम बड़े अधिकारी खुद ग्राउंड पर उतरकर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं. सोमवार को चारधाम यात्रा के प्रभारी सचिव और स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार ने मोर्चा संभाल लिया है. सचिव आर राजेश कुमार बीते दिन केदारनाथ और बदरीनाथ के लिए निकले हैं।

अपने दौरे के पहले दिन सचिव आर राजेश कुमार ने ऋषिकेश और देवप्रयाग में चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान उन्हें जहां-जहां भी खामी मिली, उसको दुरुस्त करने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए. इस दौरान ईटीवी भारत से बात करते हुए सचिव आर राजेश ने बताया कि वो चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा करने निकले हैं. यात्रा सुचारू रूप से चल रही है. अब तक करीब एक लाख 20 हजार से ज्यादा यात्रियों की स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्क्रीनिंग हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि आगे भी चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी. तीर्थ यात्रियों को किसी भी तरह की हेल्थ प्रॉब्लम की समस्या के लिए 50 से ज्यादा प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां 26 से अधिक टीमें वेल इक्युपमेंट के साथ काम कर रही हैं. चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी तरह की खाने-पीने की दिक्कतें न हों इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है. वो खुद ग्राउंड पर हैं. यदि कहीं पर किसी तरह की परेशानी नजर आती है तो उन्हें तत्काल दूर कराया जाएगा।

वहीं चारधाम यात्रा मार्ग पर लगातार लग रहे जाम के सवाल पर सचिव आर राजेश ने कहा कि वो सुबह ही देहरादून से निकले हैं. पूरे रास्ते में उन्हें अभी तक कोई जाम नहीं मिला है. इसके अलावा प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं कि होटल और ढाबों का भी समय-समय पर निरीक्षण किया जाए. यात्रियों को शुद्ध भोजन मिले ये उनकी प्राथमिकता में है. इसके अलावा उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज श्रीनगर को जल्द ही कार्डियोलॉजिस्ट मिलने जा रहा है. इसके लिए विज्ञप्ति जारी की जा रही है. कार्डियोलॉजिस्ट को वेतन के तौर पर 6 लाख का वेतन भी दिया जा रहा है. जल्द नई व्यवस्थाएं लाकर मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी भी बढ़ाई जाएगी.



# सावधान : ATM पर अब नए तरीके से हो रही है ठगी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 21 मई : देशभर में साइबर ठगी के साथ-साथ एटीएम से ठगी वाले मामले दिनोंदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। यूं तो ये ठग ज्यादातर बुजुर्गों और महिलाओं को अपना शिकार बनाते हैं। कई बार तो पूरी की पूरी एटीएम मशीन ही चोरी हो जाती है। लेकिन ठगों ने अब एक ऐसा नया तरीका खोजा है जो आपको हैरान कर देगा। दरअसल, एटीएम मशीन से कैश निकलने वाली जगह को अब ठग एल्युमिनियम की शीट से चिपका दे रहे हैं। ऐसे में आपके खाते से पैसा तो कट जाएगा लेकिन मशीन से कैश बाहर निकलेगा ही नहीं। ऐसा करने वाले ठग एटीएम के आसपास ही रहते हैं। कस्टमर के वहां से जाते ही वह एल्युमिनियम शीट हटाकर पैसे निकाल लेते। यह सब कुछ इतना जल्दी हो जाता है कि किसी को पता भी नहीं चलता। झारखंड में इसी तरीके से ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा है।



दरअसल, रांची में साइबर ठग एटीएम में पैसे निकासी वाली जगह में अवरोध (ब्लॉक) पैदा करके लोगों को चूना लगा रहे हैं। लोअर बाजार थाना क्षेत्र में शनिवार को ऐसा मामला पकड़ा गया है। डंगराटोली में एक एटीएम से ग्राहक के पैसे निकालने वाले ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी नीतीश नवादा के हिसुआ का रहनेवाला है। आरोपी के पास से 12 पीस काली टेप चिपकी एल्युमिनियम प्लेट, दो काला टेप का रोल, कैंची, पांच बैंकों के एटीएम कार्ड के अलावा मोबाइल फोन आदि सामान मिले हैं। वहीं, फरार दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

एल्युमिनियम शीट पर काली टेप लगाकर ठग एटीएम में पैसे निकासी वाले भाग पर लगा देते हैं। कोई भी शख्स जब पैसे निकालता है तो पैसे एल्युमिनियम शीट में ही अटक जाते हैं। हालांकि ग्राहक के खाते से पैसे कट जाते हैं, लेकिन मशीन से बाहर नहीं आते। एटीएम रूम से बाहर आने के बाद ठग शीट को हटाकर राशि निकाल लेते हैं। थाना प्रभारी दयानंद कुमार ने बताया कि कांटाटोली में एटीएम पर इस तरह की शिकायत मिल रही थी। शनिवार को सूचना मिली कि एटीएम के बाहर संदिग्ध स्थिति में दो युवक घूम रहे हैं। पुलिस को आता देख दोनों भागने लगे, लेकिन जवानों ने एक आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ के बाद परत-दरपरत पूरे मामले का खुलासा हुआ। बताया गया कि पांच मिनट तक एल्युमिनियम शीट पर पैसा फंसा रहता है। हालांकि तय समय के बाद पैसा वापस मशीन में चला जाता है। इसलिए ठग एटीएम के पास ही घूमते रहते हैं। वहीं जो ग्राहक बगैर कैंसल की बटन दबाए, जल्द एटीएम मशीन के पास से चले जाते हैं उनका पैसा कट जाता है।

# बच्चे ही नहीं, समर वेकेशन में मांएं भी जरूर सीख लें 4 जरूरी काम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 21 मई : अक्सर महिलाएं परिवार और बच्चों को संभालने में इतनी व्यस्त हो जाती हैं कि उन्हें अपने पसंद और नापसंद का ख्याल ही नहीं होता. परिवार की जिम्मेदारियों की वजह से वे अपनी हॉबीज को भूल जाती हैं, जो उनके लाइफ में खुशहाली लाने की बड़ी वजह बन सकता है. ऐसे में समर वेकेशन केवल बच्चों के लिए ही नहीं, मांओं के लिए भी एक मौका लेकर आता है, जब आप जरूरी चीजों को सीखने के लिए वक्त निकाल सकती हैं. ये एक्टिविटी आपके हुनर को बढ़ाने के साथ साथ आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद कर सकता है. आइए जानते हैं कि महिलाएं समर वेकेशन में किन-किन चीजों को सीख सकती हैं.

**समर वेकेशन में महिलाएं जरूर सीखें ये काम**

स्विमिंगअक्सर महिलाएं बचपन से ही व्यस्तताओं की वजह से तैरना नहीं सीख पाती हैं. ऐसे में अपना समय आने का इंतजार करने से बेहतर है कि आप इस समर वेकेशन में स्विमिंग क्लास जॉइन करें और इस पेंडिंग पड़े काम को पूरा कर लें.



**गार्डनिंग :** अगर आपको गार्डेनिंग का शौक है तो आप आसपास चल रहे गार्डेनिंग क्लास को ज्वाइन करें. आप ऑनलाइन क्लास की मदद से भी यह काम पूरा कर सकती हैं. आप चाहें तो बोनसाई, किचन प्लांटिंग, टैरिस प्लांटिंग आदि में एक्सपर्ट भी बन सकती हैं.



**योग करें**

अगर आप अब तक केवल योगा क्लास करने की सोच ही रही हैं तो अब समय आ गया है कि आप झट से योगा क्लास ज्वाइन करें. ये वो वक्त है जब आप अपने लिए सुबह या शाम का वक्त निकाल सकते हैं.

**आर्ट या म्यूजिक क्लास**

अगर आपको पेंटिंग, क्राफ्ट और म्यूजिक पसंद है तो समर वेकेशन में समय जाया ना करें और जल्द से जल्द बच्चों के साथ आप भी अपनी इस हॉबीज को पूरा करने के लिए समय निकालें और क्लास ज्वाइन करें.

# सेल्फी लेने की आदत जल्द बना देगी बूढ़ा : रिसर्च




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 21 मई : मौका कोई भी हो लोग आजकल मोबाइल से सेल्फी लेने के एक्सपर्ट हो चुके हैं ,. ख़ास तौर पर बात करें यूथ की तो उनके मोबाइल में सेल्फी पिक्स और पोजेज़ की भरमार रहती है। सेलिब्रेशन हो , कॉलेज हो या ट्रेवलिंग टूर लड़कियां खास तौर पर सेल्फी लेने में अव्वल रहती हैं। लेकिन अगर आपको यह पता चल जाए कि सेल्फी लेने से आपकी उम्र में तेज़ी से इज़ाफ़ा हो सकता है और सेल्फी की साइड इफेक्ट्स सीधे आपके चेहरे पर दिखाई दे सकती है तो शायद आप खुद-ब-खुद सेल्फी लेने के इस शौक को हमेशा के लिए अलविदा कह देंगे।

सेल्फी लेते वक्त निकलते हैं हानिकारक रेडिएशनज्यादातर स्किन स्पेशलिस्ट मानते हैं कि सेल्फी लेते वक्त चेहरे पर पड़ने वाली नीली लाइट और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन स्किन के लिए काफी हानिकारक साबित हो सकते हैं. सेल्फी लेने के दौरान मोबाइल से निकलने वाले रेडिएशन को सनस्क्रीन की परत भी नहीं रोक सकती, जिससे त्वचा खराब हो सकती है.

चेहरे पर समय से पहले आ सकती है झुर्रियांसेल्फी लेने का खामियाजा सबसे ज्यादा आपकी त्वचा को उठाना पड़ सकता है, क्योंकि बार-बार सेल्फी लेने की वजह से उम्र तेज़ी से बढ़ने लगती है और आप कम उम्र में ही उम्रदराज़ दिख सकते हैं. इसके अलावा आपके चेहरे पर समय से पहले झुर्रियां आ सकती है जो आपको समय से पहले बूढ़ा होने का अहसास करवा सकती है.स्किन की रिपेयरिंग क्षमता होती है प्रभावितसेल्फी लेते वक्त मोबाइल से निकलने वाला हानिकारक रेडिएशन त्वचा में मौजूद डीएनए पर भी असर डालता है, जिसके चलते स्किन की रिपेयरिंग क्षमता प्रभावित होती है. जिससे किसी भी क्रीम या सनस्क्रीन के इस्तेमाल से नहीं बचाया जा सकता। ये थी सेल्फी की साइड इफेक्ट्स – बहरहाल यहां गौर करनेवाली बात यह भी है कि सेल्फी लेने का आपका क्रेज आपके चेहरे की रंगत को भी बिगाड़ सकता है.आप जितनी ज्यादा सेल्फी लेंगे, आपकी त्वचा उतनी ही ज्यादा बीमार होने लगेगी. इसलिए हमे यकीन है कि सेल्फी की साइड इफेक्ट्स को जानने के बाद यकीनन आप अपनी इस आदत को बदलने की कोशिश करेंगे.

# क्या आप जानते है पानी पीने का सही तरीका



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 21 मई : ये बात तो सब जानते हैं कि पानी पीना शरीर के लिए कितना जरूरी होता है। ये शरीर को सिर्फ हाइड्रेट ही नहीं रखता, बल्कि इसके हमारी फिजिकल हेल्थ पर भी काफी अच्छा असर होता है। लेकिन पानी पीने के भी कुछ नियम हैं, जो सभी को जरूर जानने चाहिए। आयुर्वेदिक एक्सपर्ट की मानें, तो हर इंसान को पानी बैठकर ही पीना चाहिए। एक्सपर्ट डॉक्टर ने सोशल मीडिया के जरिये लोगों को बताया कि क्यों सभी लोगों को बैठकर ही पानी पीना चाहिए।

उन्होंने लिखा- आयुर्वेदा के अनुसार, सही तरीके से पानी पीना बेहद जरूरी है। अगर इसके फायदे उठाने हैं तो पानी पीने का तरीका जरूर मालूम होना चाहिए। हर किसी को पानी सिर्फ बैठकर ही पीना चाहिए। इसके बाद डॉक्टर ने खड़े होकर पानी ना पीने के कारण भी स्पष्ट किए। खड़े होकर क्यों न पिएं पानी? उन्होंने कहा कि अगर आप खडे होकर पानी पीते हैं तो इसका फोर्स और स्पीड सीधे फूड कनाल से होकर गुजरता है, जो काफी तेज होता है। ये नुकसानदायक होता है क्योंकि सीधे पेट में गिरता है। परिणामस्वरूप शरीर सारे टॉक्सिन्स को सही तरीके से बाहर नहीं निकाल पाता और खाना पचाने की प्रक्रिया पर इसका सीधा असर देखने को मिलता है।जान लीजिये ये जरूरी बातें इसके बाद डॉक्टर ने खड़े होकर पानी पीने के और भी नुकसान गिनाए।

उन्होंने कहा कि खड़े होकर पानी पीने से फेफड़ों को भी नुकसान हो सकता है। इसके साथ ही किडनी से संबंधित समस्याएं भी जन्म ले सकती हैं। इसलिए हर किसी को पानी पीते समय बैठना चाहिए। इसके साथ ही एक ही बारी में पूरी बोतल पानी भी खत्म नहीं करनी चाहिए। सही तरीके से पानी पीना है जरूरी बताते चलें कि पानी पीने के फायदों के साथ इसे सही तरीके से पीना आना भी चाहिए।

पानी को गलत तरीके से पीने पर इसके बुरे परिणाम भी हो सकते हैं। कई लोग पानी तो एकदम सही मात्रा में पीते हैं लेकिन सही तरीका ना मालूम हो पाने की वजह से ये शरीर में अन्य दिक्कतें भी पैदा कर सकता है। इसलिए, हमेशा किसी भी तरह की परेशानी होने पर अपने डॉक्टर से जरूर संपर्क करें।

# ऋषिकेश में स्ट्रांगमैन बनकर चमका बिलारी का मोहम्मद कैफ बना ओवरऑल चैंपियन, जीता गोल्ड

न्यूज वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश 21 मई : ऋषिकेश सनराइज बैंकेट लॉन में हुई स्ट्रांगमैन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता जिसमे अंडर 90 के खेमे मे ग्राफ़िक एरा के छात्र मोहम्मद कैफ ने अपना जलवा बिखेरा, जिसमें उन्होंने 55kg के भारी डंबल को 30 सेकंड एक हाथ से 7 बार सर से उपर उठाया और साथ ही 205kg टायर डेडलिफ्ट को 30 सेकंड मे 15 बार उठाया, ओर 200kg को उठाकर चलकर 200 मीटर की फार्मर वाक को 50 सेकंड मे पूरा करके ओवर आल खिताब अपने नाम किया।

ओर इसी के साथ वे बन गये स्ट्रांगमन चैंपियन ओर इस टाइटल को उन्होंने अपने नाम दूसरी बार किया। अब आगे मोहम्मद कैफ नार्थ इंडिया ओर बड़ी स्टेट लीग ओर नेशनल वेटलिफ्टिंग की प्रतोयोगिता मे दिखाई देंगे। और वे जल्द ही अपने देश का झंडा आने वाली इंटरनेशनल प्रतियोगिता मे लहरायेंगे।



# उत्तराखंड : आर्मी धावक मोहन सैनी ने जीता राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहला स्वर्ण पदक

न्यूज वायरस नेटवर्क

उधमसिंह नगर 21 मई : भुवनेश्वर में आयोजित हुए 27वीं सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में धावक मोहन सैनी स्वर्ण पदक जीत कर उत्तराखंड का पूरे देश में मान बढ़ाया है। उन्होंने प्रथम स्थान पर रहते हुए पहला स्वर्ण पदक हासिल किया है।

उत्तराखंड के होनहार बेटे सेना में रहकर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं जिससे पूरे प्रदेशवासियों को उनपर गर्व होता है। इसी क्रम में भुवनेश्वर में हुई राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में काशीपुर के आर्मी धावक मोहन सैनी ने स्वर्ण पदक जीत कर प्रदेश का मान बढ़ाया है। इसी माह 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में नेशनल फेडरेशन की ओर से 27वीं सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 (Senior Athletics Competition) का आयोजन किया गया था। उन्होंने 30:41 मिनट में 1000 मीटर दौड़ पूरी कर पहले स्थान पर रहते हुए पहला स्वर्ण पदक हासिल किया है।

मोहन सैनी ने बताया कि उन्होंने साल 2013 से स्टेडियम काशीपुर साई सेंटर में कोच चंदन सिंह नेगी से प्रशिक्षण लिया और इस दौरान उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अब तक कुल एक स्वर्ण, 10 रजत और सात कांस्य पदक जीत चुके हैं, उनका यह पहला राष्ट्रीय स्वर्ण पदक है।

मोहन सैनी की वर्ष 2019 में रुड़की आर्मी में पहली तैनाती हुई थी और वर्तमान में वे जालंधर में हवलदार के पद पर तैनात हैं तथा इंडिया कैंप बैंगलुरु में कोच सुरेंद्र भंडारी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब आगामी सीनियर एशियन खेलों की तैयारी में जुटना है। उनकी इस उपलब्धि के बाद उनके सभी परिजन और कोच ने उन्हें बधाई दी है।



# उत्तराखंड : पूर्व सैनिकों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू, 11 जून से करें आवेदन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा 21 मई : कुमाऊं और नागा रेजिमेंट केंद्र के भर्ती कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार 11 जून को केंद्र में पूर्व सैनिकों की डीएससी की भर्ती आयोजित होगी।

देश की सेवा में तत्पर रहे भूतपूर्व सैनिकों को एक बार फिर से माँ भारती की सेवा करने का अवसर सरकार द्वारा दिया जा रहा है। कुमाऊं और नागा रेजिमेंट केंद्र के भर्ती कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति 11 जून को केंद्र में पूर्व सैनिकों की डीएससी की भर्ती आयोजित होगी। सिपाही जनरल ड्यूटी भर्ती में 30 जून 2022 से 31 मई 2024 तक सेवानिवृत्त हुए 46 साल से कम आयु के पूर्व सैनिक भाग लेंगे। उनकी सेवानिवृत्ति की अवधि दो साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। जबकि सिपाही क्लर्क (एसडी) के लिए 31 जून 2019 से 30 मई 2024 तक सेवानिवृत्त हुए पूर्व सैनिक इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होंगे। उनकी सेवानिवृति की अवधि पांच साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। भर्ती के लिए अभ्यर्थी की आयु 48 साल से कम और मेडिकल केटेगरी शेप-वन होना जरूरी है।

1. 10 जून को सुबह 8:00 बजे से अभ्यर्थियों की जांच होगी2. 11 जून को सुबह 5:30 बजे प्रारंभिक स्क्रीनिंग और शारीरिक मापदंड परीक्षा होगी

डिस्चार्ज बुक, एक्स टीए पर्सनेल, एजीआई एक्सटेंडेड इंश्योरेंस प्रमाण पत्र, एटीसी प्रमाण पत्र और शैक्षिक प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियों के साथ पासपोर्ट साइज की 16 रंगीन फोटो साथ लानी होंगी।



## संक्षिप्त खबरें

### मंदोली में सिंचाई व्यवस्था सुचारु करने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल। विकासखंड खिर्सू के अंतर्गत ग्राम पंचायत मंदोली में सिंचाई व्यवस्था सुचारु न होने पर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया है। सोमवार को गांव में सिंचाई व्यवस्था सुचारु किये जाने की मांग को लेकर भाजपा जिला मंत्री जितेंद्र रावत के नेतृत्व में ग्रामीण सिंचाई विभाग श्रीनगर के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन प्रेषित किया। मौके पर ग्राम प्रधान मंदोली की प्रधान सुरभि रावत, पंकज रावत, मीना देवी, यशोदा देवी, सुधा देवी, विजयपाल सिंह, प्रीतम सिंह, विरेंद्र सिंह, विजय बहुगुणा, शुम्भु प्रसाद, बालम सिंह, मनवर सिंह, विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।

### ऐंजल हेवन स्कूल खंदूखाल में क्रिकेट प्रतियोगिता 24 से

श्रीनगर गढ़वाल। ऐंजल हेवन स्कूल खंदूखाल में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आगामी 24 मई से शुरू होगी। विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद भट्ट ने बताया कि प्रतियोगिता में श्रीनगर सहित आस-पास के क्षेत्रों की 10 टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच राजकीय इंटर कालेज खंदूखाल और होली ऐंजिल स्कूल देवली कीर्तिनगर के मध्य खेला जायेगा। बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीनगर जितेंद्र धिरवाण, उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी और भाजपा जिला उपाध्यक्ष लखपत सिंह भंडारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता चंद्रभानू तिवाड़ी द्वारा किया जायेगा।

### संयुक्त टीम ने सघन निरीक्षण कर कारोबारियों को हिदायत दी

नई टिहरी। यात्रा रूटों पर व्यवस्थाओं के निरीक्षण के लिए डीएम मयूर दीक्षित ने निर्देश पर गठित संयुक्त टीम ने सोमवार को चंबा से कंडीसौड़ तक यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम में विभिन्न विभागों के कर्मियों ने कारोबारियों, ढाबा संचालकों, पेट्रोल पंप संचालकों और फूटकर दुकानदारों को रेट लिस्ट चस्पा करने के साथ ही ओवर रेटिंग न करने की हिदायत दी टीम ने चंबा से लेकर कंडीसौड़ तक निरीक्षण के दौरान खाद्य सप्लाई वाहनों की चैकिंग के साथ-साथ विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों में परचून की दुकान, होटल, ढाबा, रेस्टोरेन्ट और पेट्रोल पम्प आदि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। बिना खाद्य लाइसेन्स कारोबार करने व मौके पर पाई गई कमियों में सुधार के लिए छह से अधिक कारोबारियों को नोटिस जारी किए गए। जिसमें निर्धारित समय सीमा में कमियों को दूर कर सुधार की सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### जनता मिलन में 4 शिकायतों का डीएम ने किया निस्तारण

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने सोमवार को जनता मिलन कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। मौके पर डीएम ने चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। इस मौके पर डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी जनता दरबार, तहसील दिवस, बीडीसी बैठक, सीएम हेल्पलाइन व बहुद्देशीय शिविर में पंजीकृत शिकायतों का तय समय में निस्तारण सुनिश्चित करें। सोमवार को आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में कंडीसौड़ के ग्राम डांग के अत्तर सिंह चौहान ने अपने मछली फार्म तालाब से स्थानीय लोगों के लिए आपातकालीन पेयजल आपूर्ति के लिए अनापत्ति प्रमाण की मांग की। जिस पर ईई जल निगम चम्बा को आवश्यक कार्यवाही करने को डीएम ने कहा। क्षेत्र पंचायत सदस्य देवरी मल्ली ने सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र बहेड़ा, चम्बा में डॉक्टर की तैनाती करने तथा दवाइयों के पर्याप्त भण्डारण का अनुरोध किया। जिस पर कार्यवाही के सीएमओ को मौके पर निर्देश दिए गये। किशोरी लाल व सोहन लाल ने लोनिवि कीर्तिनगर एवं पीएमजीएसवाई द्वारा डागर कोठार-गोदी मोटर मार्ग परियोजना निर्माण के दौरान ब्लास्टिंग व खनन से उनके घरों को रहे नुकसान की क्षतिपूर्ति एवं जांच कराने की मांग की। जिस पर डीएम ने एसडीएम कीर्तिनगर को जांच के लिए कमेटी बनाकर 15 दिन में रिपोर्ट देने को कहा। इस मौके पर पीडी डीआरडीए योगेश उपाध्याय, डीडीओ मोहम्मद असलम, एसडीएम टिहरी संदीप कुमार, घनसाली एसडीएमअपूर्वा सिंह आदि मौजूद रहे।

### 72 पव्वों के साथ आरोपी गिरफ्तार

नई टिहरी। कोटी कॉलोनी चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति से 72 पव्वे अंग्रेजी शराब को बरामद किए। पुलिस मीडिया सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चौकी कोटी कॉलोनी, कोतवाली नई टिहरी पुलिस ने आरोपी शिव कुमार पुत्र पन्नूराम ग्राम बनगई, श्रावस्ती उत्तर प्रदेश हॉल निवासी माजिट कैम्प खांडखाला, 72 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। टीम में एसआई सुनील पन्त, कुलदीप सिंह शामिल रहे।

### तीर्थयात्रियों को सुरक्षित यात्रा कराना प्राथमिकता : स्वास्थ्य सचिव

रुद्रप्रयाग। प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि चारधाम यात्रा पर आ रहे तीर्थयात्रियों की यात्रा सुगम, सुरक्षित और मंगलमय हो। इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सोमवार को स्वास्थ्य सचिव रुद्रप्रयाग मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सिरोबगड़ स्लाइडिंग जोन, जिला चिकित्सालय, मुख्य बाजार आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। अनेक व्यापारियों से भी बातचीत की। रुद्रप्रयाग पहुंचने पर स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने कहा कि केदारनाथ दर्शन करने पहुंच रहे तीर्थयात्रियों की यात्रा सुगम यात्रा के लिए स्लाइडिंग जोन सिरोबगड़ का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कई जानकारियां ली। साथ ही अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय राजमार्ग को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिरोबगड़ क्षेत्र को बहुत संवेदनशील बताया और कहा कि हल्की वर्षा होने पर भी ऊपर से मलबा आने से सड़क मार्ग बाधित हो जाती है इसके लिए उन्होंने समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। सिल्डिंग जोन पर चौबिसों घंटे जीसीबी मशीन उपलब्ध रहने, जेसीबी ऑपरेटर का नंबर भी सभी प्रशासनिक अधिकारियों को उपलब्ध कराने, हाईवे बंद होने की स्थिति में यातायात को तत्काल सुचारु कराने आदि के निर्देश दिए।

### विधि-विधान के साथ खुले भगवान मदमहेश्वर के कपाट


रुद्रप्रयाग। द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर के कपाट सोमवार को वैदिक मंत्रोचार और पूजा अर्चना के बाद भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। भगवान की पूजा अर्चना के बाद भक्तों को मंदिर में दर्शन करने का अवसर दिया गया। पहले दिन मद्महेश्वर में साढ़े तीन सौ से अधिक यात्रियों ने दर्शन किए। सोमवार सुबह भगवान की डोली ने गौंडार से मद्महेश्वर के लिए प्रस्थान किया। भगवान की डोली सुबह 10 बजे मद्महेश्वर मंदिर पहुंची। यहां अनेक परम्पराओं के निर्वहन के बाद पूर्वाह्न 11.15 मिनट पर मंदिर का कपाट खोला गया। मंदिर के पुजारी टी गंगाधर लिंग ने पूजा अर्चना के बाद बीकेटीसी के अधिकारी कर्मचारियों के साथ ही हकहकूक धारियों की मौजूदगी में भगवान मदमहेश्वर मंदिर के कपाट खोले।

# अल्मोड़ा : पहाड़ में एक ही बिरादरी के प्रेमी-प्रेमिका ने साथ खाया जहर, युवती की मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा 21 मई : एक ही बिरादरी के युगलों में आपस में ही प्यार हो गया, परिवार शादी के लिए न माने तो दोनों ने जहर घटक लिया जिसमें युवती की तो जान चली गई लेकिन युवक जिंदा है और परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवक ने खुद जहरीला पदार्थ खाने का बहाना कर उनकी बेटी को भी उकसाया जिस कारण उसकी मौत हो गई।

जनपद द्वाराहाट से एक ऐसा मामला सामने आ रहा है जहां पर शादी से मना करने के कारण युवक और युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। युवती की इसमें मृत्यु हो गई है जबकि परिजनों ने युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि दोनों लम्बे समय से प्रेम प्रसंग में चल रहे थे और विवाह करना चाहते थे। दोनों एक ही बिरादरी के थे जिसके चलते परिजनों ने शादी से मना कर दिया और फिर उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया।




दीपा देवी निवासी भेट, द्वाराहाट ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि उनकी 18 वर्षीय पुत्री दिव्या जो रानीखेत महाविद्यालय में पढ़ती थी इनका गाँव के युवक पवन से प्रेम प्रसंग काफी लम्बे समय से चल रहा था। पवन विदेश में नौकरी करता है और ये दोनों आपस में विवाह करना चाहते थे लेकिन परिवार वालों ने समझाया कि दोनों एक ही बिरादरी के हैं तो उनके बीच भाई-बहन का रिश्ता माना जाएगा तथा यह शादी नहीं हो सकती है, लेकिन वे लोग नहीं माने और अपनी बात पर अडिग रहे।

मिली जानकारी के मुताबिक युवक मार्च में विदेश से घर लौटा है और फिर दोनों ने मिलना शुरू कर दिया था। 7 मई को रोज की तरह उनकी बेटी कंप्यूटर कोर्स के लिए बग्वालीपोखर गई लेकिन वह घर नहीं लौटी। जब उन्होंने लड़के का पता किया तो वह भी घर पर नहीं था। फिर सभी ने खोजबीन शुरू की और दूसरे दिन उन्हें गांव के एक व्यक्ति ने फोन पर दोनों के बग्वालीपोखर-अल्मोड़ा सड़क पर बेसुध पड़े होने की सूचना दी और बताया कि युवती को मौके पर छोड़कर युवक के परिजन उसे हॉस्पिटल ले गए। फिर युवती को भी उसके परिजनों ने गौचर अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया।

युवती के परिजनों ने युवक पर आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री के साथ बहला-फुसलाकर उसने विवाह किया और फिर स्वयं जहरीला पदार्थ घटकने का बहाना कर बेटी को इसके लिए उकसाया जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद युवक के खिलाफ धारा 306 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और युवती के शव का विसरा सुरक्षित रखा गया है इसे जांच के लिए भेजा जाएगा।

# हल्द्वानी से नैनीताल के बीच में पड़ती हैं ये 5 सीक्रेट जगह, नजारे देख लौटने का मन ही नहीं करेगा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी 21 मई : हल्द्वानी से लगभग 23 किमी और नैनीताल से लगभग 21 किमी की दूरी पर 1219 मीटर की ऊंचाई स्थित यह हिल स्टेशन नैनी झील का गेटवे कहा जाता है. ज्योलीकोट की खूबसूरती पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करती है. यहां पर दिन के समय गर्मी और रात के समय ठंड रहती है. आसमान आमतौर पर साफ और रात तारों भरी होती है. बहुत पहले श्री अरबिंदो और स्वामी विवेकानंद भी यहां की यात्रा कर चुके हैं. हल्द्वानी नैनीताल राजमार्ग पर पड़ने वाला ये कस्बा आपको मानसिक शांति और सुकून प्रदान करता है. यहां वर्तमान में कई होमस्टे और होटल बन चुके हैं

नैनीताल से लगभग 10 किमी की दूरी पर बेहद सुंदर कस्बा बलिया खान स्थित है. यह जगह सुंदर होने के साथ ही आपको प्रकृति के करीब लेकर आती है. हल्द्वानी से नैनीताल की तरफ आते हुए टेढ़े मेड़े रास्तों से हरे भरे जंगलों के बीच जब आप नैनीताल से कुछ दूर ही होते हैं, तो ये खूबसूरत कस्बा आपका अपनी सुंदरता से स्वागत करता है. यहां मिलने वाले आलू के गुटके और पहाड़ी रायते का स्वाद आपके दिल को छू लेगा.



नैनीताल हल्द्वानी राजमार्ग पर हल्द्वानी शहर से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर एक खूबसूरत जगह है, जिसका नाम भुजियाघाट है. इस जगह की बढ़ती लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हर रोज हजारों सैलानी आते हैं. नैनीताल जिले के बेहतरीन टूरिस्ट स्पॉट में शामिल हो चुके भुजियाघाट में आपको पहाड़, नदी, प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर नजारा अद्भुत शांति का अहसास दिलाता है.


हल्द्वानी से लगभग 16 किमी की दूरी पर नैनीताल मार्ग में पड़ने वाला दो गांव एक छोटा सा कस्बा है. इस जगह की चाय पकौड़ी बेहद प्रसिद्ध है. हल्द्वानी से नैनीताल की तरफ या फिर नैनीताल से हल्द्वानी की तरफ सफर करने वाले लोग इस जगह पर रुक कर सुंदर नजारों के बीच चाय पकौड़ी का आनंद लेते हैं. यहां कई छोटे बड़े रेस्टोरेंट बन चुके हैं. जहां लजीज खाने के साथ आप कई तरह की डिश का आनंद ले सकते हैं.

जैसे जैसे आप नैनीताल की तरफ आते हैं वैसे वैसे कई खूबसूरत जगह आपका इंतजार कर रही होती हैं. नैनीताल से महज 3 किमी की दूरी पर मनोरा की पहाड़ी पर बाबा नीम करौली द्वारा स्थापित पहला हनुमान मंदिर हनुमानगढ़ी धाम स्थित है. यहां हनुमान जी की भव्य मूर्ति स्थापित होने के साथ ही आप नीम करौली बाबा के दर्शन कर सकते हैं. यह संपूर्ण मंदिर परिसर लोगों की आस्था का केंद्र है. यहां आकर आप अलौकिक शांति का अनुभव करते हैं. हल्द्वानी से नैनीताल की तरफ का ये अंतिम पड़ाव है. हनुमान जी के दर्शन के बाद आप खूबसूरत नैनीताल का दीदार करते हैं.

# इस गांव को देखने के बाद भूल जाएंगे नैनीताल-मसूरी की सुंदरता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 21 मई : नैनीताल और मसूरी से भी सुंदर जगह देखनी है तो किमाडी गांव चले जाइये. इस गांव में कुछ दिन छुट्टियां बिताने के बाद आप नैनीताल और मसूरी की खूबसूरती को भूल जाएंगे! यहां के घने जंगल, नदियां और झीलें आपका दिल जीत लेंगी. यह गांव ओल्ड मसूरी रोड पर स्थित है. यहां की नैसृगिक खूबसूरती, चारों तरफ फैली हरियाली और ऊंचे-ऊंचे पहाड़ सैलानियों को खूब भाते हैं. अगर आप पहाड़ों को घूमने, ट्रैकिंग और नेचर वॉक का शौक रखते हैं, तो यह जगह आपके लिए जन्नत है. आप इस जगह को ट्रैकर्स का स्वर्ग भी कह सकते हैं. देश के कोने-कोने से ट्रैकर्स यहां ट्रैकिंग के लिए आते हैं. जहां दूसरे हिल स्टेशनों में शोर-शराबा और भीड़-भाड़ ज्यादा रहती है, वहीं किमाडी में आपको एकदम शांति और सुकून मिलेगा. यह एकदम सीक्रेट डेस्टिनेशंस है. अगर आप किसी ऐसी ही जगह की खोज कर रहे हैं, जो



बेहद शांत और कम भीड़-भाड़ वाली हो तो यहां जा सकते हैं। इस गांव की धुंध से भरी हुई सड़कें आपको मंत्रमुग्ध कर देंगी. आप यहां बाइक चला सकते हैं और साइकल से भी घूम सकते हैं. यह अनुभव अपने आप में बेहद मजेदार साबित होगा. चारों तरफ हरियाली के बीच से निकलती हुई सड़क आपको जन्नत से कम नहीं लगेगी. किमाडी से ऊपर लंबी धार एक स्पॉट है, जहां आप जा सकते हैं और वहां से मसूरी का व्यू ले सकते हैं. यहां आप पैदल भी चल सकते हैं. अगर आपका मन लंबी ट्रैकिंग का हो, तो यहां पहाड़ी रास्तों और जंगलों के बीच आप घूम सकते हैं।

## बैग तलाश कर महिला को सौंपा

चमोली। सोमवार को महाराष्ट्र से बदरीनाथ धाम दर्शन हेतु आई रीमा पाटिल ने बदरीनाथ में ड्यूटी में नियुक्त आरक्षी नैन सिंह को बताया कि उनका बैग जिसमें उनके दस हजार रूपये, मोबाइल फोन और जरूरी कागजात हैं, कहीं खो गया है। बदरीनाथ थानाध्यक्ष नवनीत भंडारी ने बताया महिला यात्री द्वारा दी गई जानकारी पर पुलिस कर्मी ने एक घण्टे की खोज के बाद बैग, नकदी, मोबाइल फोन और व जरूरी कागजात महिला को सौंपा। वृद्ध और दिव्यांग तथा शारीरिक रूप से विवश यात्रियों को दर्शन कराने में भी पुलिस सहायता कर रही हैं।

## रुद्रनाथ ट्रैक पर यात्री भोजन-पानी को तरसे

चमोली। रुद्रनाथ पैदल मार्ग से कच्ची दुकानें और टेंटों को हटाने का विरोध शुरू हो गया है। वहीं यात्रा पथ पर सोमवार को यात्री और पर्यटक पानी के लिए भी तरसते दिखे। केदारनाथ वन्य जीव वन प्रभाग द्वारा रुद्रनाथ ट्रैक पर से अतिक्रमण हटाने के विरोध में पुंग और ल्वींठी बुग्याल में भी सोमवार को सभी अस्थाई दुकानें बंद रही। वन विभाग की कार्रवाई का तीर्थयात्रियों ने भी विरोध जताया है।रुद्रनाथ ट्रैक पर ग्वाड़, सगर, गंगोलगांव, कुजौंमैकोट गांव के ग्रामीण छानियों और ढाबे संचालित करते हैं। यहां की जनता ने भी वन विभाग की कार्रवाई के विरोध में आन्दोलन की चेतावनी दी है।

## चोपता प्राथमिक स्कूल में शिक्षक नियुक्त हो

चमोली। राजकीय कन्या उच्चतर प्राथमिक विद्यालय चोपता में शिक्षकों की मांग को लेकर अभिभावक संगठन और स्थानीय ग्रामीणों ने उप शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि यदि शीघ्र ही विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई तो ग्रामीणों को बाध्य होकर जन आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा।ज्ञापन में बताया गया है कि विद्यालय में 28 छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। जबकि विद्यालय में पूर्व में तीन अध्यापक नियुक्त थे। उनमें से एक शिक्षिका को व्यवस्था पर विकासखंड थराली स्थानांतरित किया गया है। अभिभावकों का कहना है कि उक्त अध्यापिका का स्थानांतरण स्थाई रूप से किया जाए जिससे नए शिक्षक की नियुक्ति हो सके। बताया कि विद्यालय में यदि शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई तो उन्हें आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन में क्षेत्र पंचायत सदस्य चोपता मुकेश कुमार, ग्राम प्रधान चोपता पृथ्वी सिंह नेगी, ग्राम प्रधान तूनेडा सुनीता देवी ग्राम प्रधान लोदला सरिता देवी,शिक्षक अभिभावक संगठन के सदस्यों समेत अन्य कई के हस्ताक्षर हैं। उप शिक्षा अधिकारी अनी नाथ ने बताया की विद्यालय शिक्षक की नियुक्ति के आदेश कर दिए हैं।

# MDDA : सीएम धामी की सौगात, सिटी फॉरेस्ट पार्क के कार्य अंतिम चरण में

## 30 जून तक पार्क के कार्य पूरा करने के एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के निर्देश








**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 21 मई : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के तहत 10 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास पिछले दिनों किया था, जिसमें मुख्यमंत्री का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट सहस्त्रधारा हेलीपैड के सामने करीब 25 एकड़ में तैयार किए जा रहे सिटी फॉरेस्ट पार्क को सीएम ने जनता को पहले ही समर्पित कर दिया था ।मालुम हो कि पार्क को पूरी तरह से तैयार होने में अभी कुछ दिन और लगेंगे।

**30 जून तक पार्क के कार्य पूरा करने के एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के निर्देश**

दो दिनों पहले ही एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने पार्क का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को हर हाल में 30 जून तक पार्क के सभी कामों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि गर्मियों की छुट्टीयों को देखते हुए स्थानीय नागरिकों सहित बाहर के टूरिस्ट के लिए यह पार्क प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनेगा इसलिए प्राधिकरण जल्द से जल्द जनता को यह पार्क पूरी तरह से समर्पित करना चाहता है।

> **रोजाना 300-400 लोग पार्क में आ रहे हैं**

**रोजाना 300-400 लोग पार्क में आ रहे हैं**

सिटी फॉरेस्ट पार्क के इंचार्ज मनोज जोशी अधिशासी अभियंता मनोज जोशी ने बताया कि पार्क में अभी से रोजाना 300 से 400 लोगों का आना जारी है। मनोज जोशी ने कहा कि उनके द्वारा गेट पर इंट्री रजिस्टर रखा गया है जिसमें सुबह शाम आने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है ।जोशी ने कहा कि अब वह लोगों के लिए एक सुझाव पुस्तिका भी रखने जा रहे हैं जिसमें जनता अपने अनुभव, सुझाव और शिकायत भी दर्ज कर सकेंगे जिससे हमें और बेहतर काम करने की प्रेरणा मिलेगी।



12.5 हेक्टेयर में फैले इस पार्क में अब काफी तेजी से काम चल रहा है। यहां स्केटिंग रिंग और वॉकवे जैसी एक्टीविटी के साथ पार्क में प्राकृतिक वन परिदृश्य के एहसास और खूबसूरती को बरकरार रखा जाएगा ।राजधानी देहरादून में शहरवासियों के लिए तैयार किए जा रहे सिटी पार्क के निर्माण ने गति पकड़ ली है।

**रात में जगमग रोशनी और म्यूजिक का आनंद जल्द उठाएंगे लोग**

यह पार्क पुस्तकालय से लेकर संगीत, योगा और कई खूबियों से लैस होगा। पार्क निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है ।एमडीडीए के अधिशासी अभियंता मनोज जोशी के अनुसार, सिटी पार्क में स्केटिंग रिंग से लेकर रीडिंग एरिया, कैफेटेरिया और ओपन एयर थिएटर मनोरंजन के लिए रहेंगे। बच्चों को यातायात के नियमों की जानकारी देने के लिए भी अवेयरनेस थीम तैयार की जा रही है इसी के साथ किड्स प्ले एरिया भी होगा। पार्क में मिनी लाइब्रेरी भी बनाई जाएगी। पार्क में दो ट्री हाउस बनेंगे।

# उत्तराखंड : मसूरी रोड पर खाई में गिरी थार 2 की मौत 3 लोग गंभीर रूप से घायल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 21 मई : बीती सुबह तड़के मसूरी रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें पांच दोस्त मसूरी घूमने जा रहे थे और उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जिसमें एक युवक और युवती की मौके पर ही मृत्यु हो गई है जबकि तीन अन्य घायल हुए हैं।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पांच लोगों के युवाओं का दल सुबह 03:00 बजे मसूरी घूमने के लिए जा रहा था। इस दौरान वे लोग सीधे मसूरी रोड़ से न जाते हुए अपनी गाड़ी को ओल्ड राजपुर रोड की तरफ ले गए और वहां ऊपर जाते हैं सड़क खत्म हुई तो उन्होंने गाड़ी वापस घुमा दी। इसी बीच उनकी थार अनियंत्रित होकर शिखर फॉल के पास खाई में जा गिरी और इसमें मौके पर ही दो लोगों ने दम तोड़ दिया जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचित किया।

SDRF रेस्क्यू टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर त्वरित कार्यवाही करते हुए रोप की सहायता से उन्हें बाहर निकालकर एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल भिजवाया। इसमें आयुष शर्मा (30) पुत्र दिनेश दत्त शर्मा, 34/3 ब्लॉक 4 तेग बहादुर रोड और अवनी कुकरेती(29) पुत्री आशीष कुकरेती, 82/1 रजनी कुंज सोलागढ़ रोड की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी जबकि सागर नरूला(29) पुत्र गुलशन कुमार निवासी बी- 82 फतेह नगर दिल्ली, युवराज बिष्ट(33 ) पुत्र केओ बिष्ट, 30/2 कालिदास रोड देहरादून, ईशा(28) पुत्री राकेश निवासी 91/B चंद्र सिंह गढ़वाली मार्ग धर्मपुर घायल हो गए, सभी घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।



## श्रीनगर में फिर गुलदार दिखने से दहशत

श्रीनगर गढ़वाल। क्षीनगर क्षेत्र में रविवार देर रात एक बार फिर गंगा दर्शन मोड पर गुलदार दिखाई दिया। कुछ युवाओं ने इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल की है। क्षेत्र में गुलदार दिखने से लोगों में दहशत है। स्थानीय निवासी अंजुल रावत ने बताया कि वह रविवार रात को अपने दोस्तों के साथ वाहन से सफर कर रहे थे, करीब साढ़े ग्यारह बजे गंगा दर्शन के पास गुलदार सड़क से नीचे की ओर गुजरते हुए दिखा। बीते शुक्रवार को गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर स्थित महिला छात्रावास के पास डांग जाने वाले तिराहे पर गुलदार ने तीन वर्षीय सूरज को मार डाला था। वहीं दूसरी तरफ वन विभाग भी श्रीनगर में गुलदार को पकड़ने की कोशिश कर रहा है। नागदेव रेंज के वनक्षेत्राधिकारी ललित मोहन नेगी ने बताया कि घटना स्थलों सहित दो जगहों पर वन विभाग ने तीन पिंजरे भी लगाए हुए हैं। इसके साथ ही 7 ट्रैप कैमरों की मदद से गुलदार की चहलकदमी पर वन विभाग नजर बनाये हुए है। 5 सदस्यों की टीम श्रीनगर क्षेत्र में गश्त कर रही है। बावजूद इसके गुलदार वन विभाग के पिंजरों में कैद नहीं हो पा रहा है।

## बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए उठाए ठोस कदम : डीएम खुराना

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में सोमवार को समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हुई। जिसमें बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के सृजन पर जोर दिया गया। इस दौरान समग्र शिक्षा, पीएम श्री, निपुण भारत मिशन, पीएम पोषण अभियान के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों के साथ ही जनपद स्तर पर संचालित समर्थ गांव योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा हर बच्चे के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान (एफएलएन) के लिए बेसिक स्तर पर समुचित वातावरण का सृजन किया जाए। जिन विद्यालयों में बच्चों का लर्निंग लेवल बहुत कमजोर है, उनको चिन्हित करें और उन विद्यालयों में प्रोत्साहन धनराशि पर वॉलिंटियर शिक्षक नियुक्त करते हुए बुनियादी शिक्षा में सुधार लाया जाए। मूल्यांकन के बाद कमजोर बच्चों पर विशेष फोकस करें। बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए शिक्षकों को प्रोत्साहित करें और जो शिक्षक अच्छा कार्य कर रहे, उनको सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे कमजोर बच्चों को फायदा मिलेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार करते हुए उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। पीएम श्री और पीएम पोषण के अन्तर्गत विद्यालयों में प्लानिंग के साथ मरम्मत एवं अन्य निर्माण कार्य कराए जाए। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शिक्षा अधिकारी स्थानीय जन समुदाय से फीडबैक लेकर अपने स्तर पर नियमित समीक्षा करें। जनपद में शत प्रतिशत साक्षरता के लिए संचालित ''समर्थ गांव योजना'' की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि साक्षरता कार्यो का मूल्यांकन किया जाए। छूटे हुए निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने के लिए प्रोत्साहित करें।

# हेमकुंड साहिब में अभी भी जमी है 8 फीट बर्फ, 25 मई खुलेंगे कपाट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 21 मई : पांचवें धाम के रूप में प्रसिद्ध सिखों पवित्र धार्मिक स्थल श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा भी 25 मई से शुरू होने जा रही है. यात्रा की तैयारियां अपने अंतिम चरण में है. चमोली जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गोविंद घाट गुरुद्वारा से हेमकुंड साहिब तक 18 किलोमीटर के पैदल मार्ग का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने यात्रियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

चमोली जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बताया कि इस साल 2024 में 25 मई को श्री हेमकुंड साहिब और लोकपाल मंदिर के कपाट खोले जाएंगे. हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के आसपास अभी भी करीब आठ फीट तक बर्फ जमा है. लक्ष्मण मंदिर व हेमकुंड सरोवर भी पूरी तरह से बर्फ से ढका हुआ है. हालांकि सेना के जवानों ने हेमकुंड साहिब मार्ग पर बर्फ हटाकर आवाजाही सुचारू कर दी है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पैदल यात्रा मार्ग पर मोड सुधारीकरण, रेलिंग, पार्किंग, घोडा पडाव और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेन शेल्टर, यात्री शेड, बेंच साइनेज सहित बिजली, पानी, शौचालय, साफ सफाई, स्वास्थ्य और सुरक्षा की समुचित व्यवस्थाएं की जाए. साथ ही घोड़े-खच्चरों के लिए भी गर्म पानी की उचित व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी खुराना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाओं को सुचारू करें. यात्रा मार्ग पर किलोमीटर, हेक्टोमीटर स्टोन और साइनेज लगाए जाए. जल संस्थान को यात्रा मार्ग पर सभी स्टैंड पोस्टों और वाटर एटीएम में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने इको विकास समिति को पुलना, भ्यूंडार, जंगल चट्टी, घांघरिया, अटलाकोटी में निर्मित नए शौचालयों में रंग रोगन और यात्रा मार्ग पर सभी सुलभ शौचालयों में बिजली, पानी सहित यात्रा मार्ग पर साफ सफाई की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर लोनिवि ने 84 डेंजर मोडों में से 72 मोडों का सुधारीकरण कार्य पूर्ण हो गया है और शेष कार्य प्रगति पर है. सेना के जवानों ने हेमकुण्ड साहिब मार्ग पर बर्फ हटाकर आवाजाही सुचारू कर दी गई है. भ्यून्डार गांव में 165 मीटर लंबा पुल बनकर तैयार है।

पुलना से हेमकुंड तक के ट्रैक पर 14 रेन शेल्टर, 02 यात्री शेड और 282 बेंच



लगाकर यात्रियों के बैठने के लिए तैयार किए गए हैं. हेमकुंड यात्रा मार्ग पर स्थित 30 पीटीएसपी व टीटीएसपी है, जिन पर पेयजल सुचारू करने का काम चल रहा है. पुष्पावती नदी से घांघरिया के लिए नई पेयजल लाइन पर भी काम शुरू हो गया है. साथ ही घांघरिया में घोड़े-खच्चरों के लिए बाइपास बनाया गया है. अटला कोटी तल्ली और मल्ली में दो नए शौचालय बनाए गए है.

## झबरेड़ा में तीन वारंटी गिरफ्तार

रुड़की। पुलिस ने न्यायालय के वारंट से फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा ने बताया कि वारंट से फरार चल रहे थिथकी निवासी करमेत उर्फ दीपक, लखनोता निवासी लालचंद और ग्राम बूढ़पुर नूरपुर निवासी मुनेश देवी को रविवार देर रात उनके घरों पर दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया।

## मरम्मत कार्य के चलते देहात में आठ घंटे तक बिजली गुल

रुड़की। पीपली और भट्टीपुर बिजलीघर से जुड़े 25 से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति सोमवार को पूरे दिन ठप रही। इससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ी। ऊर्जा निगम के अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत कार्य के चलते 20 से 22 मई तक दिन में बिजली बंद की जाएगी। ग्रामीण दीपचंद, मुकेश, कपिल ने बताया कि भीषण गर्मी में बिजली गुल होने से बहुत परेशानी हुई। घरों में लगे इनवर्टर करीब पांच से छह घंटे का ही बैकअप दे पाते हैं।

## ई-रिक्शा और बाइक की भिड़ंत में युवक घायल

रुड़की। कलियर महेवड़ के बीच सोमवार को ई-रिक्शा और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक घायल हो गया। रिजवान अपने साथी सोनु निवासी लालवाला के साथ बाइक पर सवार होकर रुड़की से अपने घर वापस आ रहा था। वह कलियर महेवड़ के बीच कावड़ पटरी पर पहुंचे तो सामने से आ रहे ई-रिक्शा चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

## नशा सब अपराधों की है जड़: जज सुल्तान

रुड़की। उत्तराखंड नागरिक सम्मान समिति की ओर से मोहल्ला सोत में सोमवार को अफजल मंगलौरी के आवास पर अपर जिला जज सुल्तान अहमद का देहरादून तबादला होने पर उनको विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी ईश्वर लाल शास्त्री ने की। अपर जिला जज सुल्तान अहमद ने कहा कि उत्तराखंड में देश के दूसरे राज्यों के मुकाबले अपराध बहुत कम हैं।

## ट्रैक्टर की बैटरी चुराने में दो गिरफ्तार

रुड़की। मोहम्मदपुर बुजुर्ग गांव निवासी पंकज ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि विगत 18 मई को उसने अपने ट्रैक्टर को घर में खड़ा किया था। रात को किसी ने उसके ट्रैक्टर से बैटरी चोरी कर ली थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की और गांव के ही दो चोर अरुण और गोविंद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है।

## पति सहित तीन पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

रुड़की। विवाहिता ने सोमवार को पति, सास और जेठ के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि दहेज नहीं मिलने पर जान से मारने का प्रयास किया। अपर उप निरीक्षक पुष्कर सिंह चौहान को मामले की जांच सौंप गई है ।रुड़की कोतवाली को एक गांव निवासी महिला ने बताया कि देवी दयाल से 12 दिसंबर 2018 को विवाह हुआ था। परिजनों ने अपनी हैसियत के मुताबिक काफी दान दहेज दिया था।

## गन्ना सर्वेक्षण की प्रगति को लेकर की समीक्षा बैठक

रुड़की। सहकारी गन्ना विकास समिति के चौधरी चरण सिंह सभागार में सोमवार को गन्ना सर्वेक्षण को लेकर समिति एवं चीनी मिल की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में समिति के चेयरमैन प्रतिनिधि सुशील राठी ने कहा कि गन्ना सर्वे का कार्य ईमानदारी एवं पारदर्शीता से करें। कहा कि यदि सर्वे में किसी भी कार्मिक द्वारा लापरवाही पाई गई तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## हाईकोर्ट शिफ्ट करने के समर्थन में वोट करने की अपील

रुड़की। पत्रकार वार्ता में रुड़की एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी लिल्लु सिंह ने कहा कि उच्च न्यायालय ने नैनीताल से हाईकोर्ट शिफ्ट करने को लेकर राय मांगी है। इसके लिए ऑनलाइन जनता और अधिवक्ताओं की राय मांगी गई है। हाईकोर्ट की ओर से लिंक जारी कर सभी से इस संबंध में राय मांगी गई है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के ऋषिकेश स्थानांतरण से गढ़वाल मंडल के लोगों को लाभ मिलेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि वादकारियों को इससे सस्ता और सुलभ न्याय मिल सकेगा।

## जरूरतमंद विद्यार्थियों को यूनिफार्म बांटी

रुड़की। बेहतर जीवन संस्थान और वानप्रस्थी जन जागृति अभियान समिति ने सोमवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर में सत्य धर्म बौद्ध मिशन के सहयोग से विद्यार्थियों को यूनिफार्म वितरित की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. नवनीत अरोड़ा ने किया। वानप्रस्थी जनजागृति अभियान समिति के अध्यक्ष कर्नल एमपी शर्मा ने बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।

## बछड़े पर कुल्हाड़ी से हमले में केस दर्ज

रुड़की। तुगलपुर के सचिन पंवार ने सोमवार को खानपुर थाने में तहरीर देकर बताया कि एक लावारिस बछड़ा इदरीसपुर गांव निवासी सुरेंद्र कांबोज के खेत में घुसकर फसल खा रहा था।

# उत्तराखंड : प्रधान के बेटे को विदेश भेजने के सपने दिखाकर, महिला ने ठग लिए 12 लाख रुपये

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उधमसिंह नगर 21 मई : ग्राम प्रधान के बेटे को ऑस्ट्रेलिया भेजने की बजाए भेज दिया थाईलैंड और फिर वहां उसे खाने में नशीला पदार्थ खिलाकर नकदी व सामान लूट लिया। प्रदेश पुलिस ने अभी मामला पंजाब का बताकर केस दर्ज नहीं किया है।

ग्राम प्रधान ने केस दर्ज न होने पर अदालत में जाने का बात कही है।विदेश भेजने के नाम पर कई खबरें देशभर से आती हैं लेकिन इस बार खबर उत्तराखंड से है यहाँ पर विदेश भेजने के नाम पर ग्राम प्रधान पर ट्रेवल एजेंट्स ने लाखों को चूना लगा दिया। विदेश भेज तो दिया लेकिन जहाँ भेजना था वहां नहीं बल्कि कहीं और, मामला कुछ ऐसा है काशीपुर के थाना कुंडा पुलिस को ग्राम प्रधान राजवंश कौर और ग्राम पंचायत सदस्य ओंकारदीप सिंह ने तहरीर देकर बताया कि उन्होंने जनवरी 2023 को सोशल मीडिया पर अमृतसर पंजाब स्थित एक ट्रेवल्स एजेंसी का विज्ञापन देखा जिसमें कम खर्च पर आस्ट्रेलिया भेजने की बात कही गई थी।

ओंकारदीप सिंह ने बताया कि जब उन्होंने




ट्रेवल एजेंसी से बात की तो उन्हें महिला सदस्य द्वारा उनके बेटे युवराज सिंह को ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए टिकट और वीजा के 16 लाख रुपये बताया। जिसके बाद उन्होंने 22 अप्रैल 2023 से 31 जुलाई 2023 तक 5,38,000 रुपये ऑनलाइन और 7,00,000 रुपये टिकट, वीजा, मनी एक्सचेंज के नाम पर दिए। फिर 18 जुलाई 2023 को युवराज को ऑस्ट्रेलिया की जगह थाईलैंड भेज दिया गया और कहा कि वहां तुम्हें एक व्यक्ति मिलेगा जो वहां से टिकट कन्फर्म कराकर आस्ट्रेलिया भेज देगा। इसके बाद युवराज को बैंकॉक भेजा गया, जहां उस व्यक्ति ने युवराज के खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे बेहोश कर दिया। फिर वह दो तोले सोने की चेन, एक आईफोन, एक घड़ी, पाँच हजार अमेरिकी डॉलर और दस हजार थाई करेंसी लूटकर फरार हो गया।

जब युवराज को होश आया तो उसने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ थाईलैंड पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। फिर बेटे के वापस आने पर प्रधान ट्रेवल एजेंसी की महिला के पास गए, महिला ने उन्हें कहा कि अब हम आपके बेटे को न्यूजीलैंड वर्क वीजा पर भेज देते हैं। फिर इसके लिए उसने दोबारा वीजा के नाम पर 20 हजार रुपए ले लिए। 25 अगस्त 2023 को ट्रेवल्स एजेंसी की महिला ने युवराज के साले गुरप्रताप सिंह के मोबाइल पर न्यूजीलैंड का वीजा भेजा जो जांच करने पर फर्जी निकला।

इतना सब होने के बाद जब उन्होंने महिला से बात की तो उसने अभद्रता करते हुए बेटे को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित परिवार ने बताया कि कुंडा थाना पुलिस ने मामला पंजाब का बताकर केस दर्ज नहीं किया। वहीं उन्होंने बताया यदि पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया तो वह अदालत की शरण में जाएंगे। इस मामले पर सीओ ने कहा है कि ग्राम प्रधान के बेटे के साथ हुई धोखाधड़ी की जांच की जाएगी और इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।


# किमाड़ी के हिडन वाटर फॉल में लोगों की आवाजाही बंद हो

देहरादून। किमाड़ी स्थित हिडन वॉटर फॉल में बड़ी संख्या में लोगों के पिकनिक मनाने के लिए पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने कड़ा एतराज जताया है। सोमवार को स्थानीय लोगों ने इस मामले में जिला प्रशासन के साथ ही वन विभाग, जल संस्थान और पुलिस को शिकायत देकर लोगों की अनावश्यक आवाजाही रोकने की मांग की है।दून शहर समेत आसपास के गांव में जिन जल स्रोतों से पेयजल की सप्लाई हो रही है, उनमें इन दिनों पिकनिक मनाने वालों की भीड़ जुट रही है। इसका आसपास के लोग विरोध कर रहे हैं तो झगड़े की नौबत आ रही है। किमाड़ी स्थित हिंडन वॉटल फॉल में पिछले दो दिन कई बार विवाद की स्थिति बनी। किमाड़ी निवासी विजय पुंडीर के मुताबिक हिडन वाटर फॉल से आसपास के 8-10 गांवों को पानी की सप्लाई होती है। लेकिन यहां लोगों के पिकनिक मनाने पहुंचने की वजह से लगातार गंदगी फैल रही है। पानी भी प्रदूषित हो रहा है। स्थानीय लोग विरोध करते हैं तो विवाद की स्थिति बन रही है। उन्होंने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# इतालवी कोच हांशी ने कराटे से नई तकनीक सीखे कोच

देहरादून। देश के करांटे कोचों के लिए परेड ग्राउंड देहरादून में आयोजित कार्यशाला में सोमवार को इटली के प्रसिद्ध कोच हांशी प्रिएत्रों जुपा ने करांटे की नई तकनीक बताई। कार्यशाला में उत्तराखंड समेत पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र मध्यप्रदेश आदि के कोचों ने हिस्सा लिया। इतालवी प्रशिक्षक हांशी प्रिएत्रो विश्व के एकमात्र प्रशिक्षक हैं, जिनकी टीम पिछले चार साल से लगातर विश्व चैंपियन हैं। ऐसे में उनसे प्रशिक्षण प्राप्त कर कोच काफी उत्साहित हैं। प्रशिक्षण इंडियन रेनबुकन कराटे डू एसोसिएशन की ओर से आयोजित किया गया था। उत्तराखंड के कोच अरविंद कुमार कोटनाला ने बताया कि इस दौरान विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। साथ ही सुभाष चंद्र शतपथी को सम्मानित भी किया गया। मौके पर मुक्तिपद, शिहान संदीप, सईद आलम, मनीष जयसवाल, श्रेया थापा, नवराज राणा, निखिल तिवारी, अनुप गौड़, सौरभ गौड़, एडवोकेट ओपी प्रकाश, सतेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## संपादकीय



# 'आलाकमान' की फटकार

कांग्रेस आलाकमान का चरित्र और रवैया 'सामंती सिंड्रोम' से कम नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने पश्चिम बंगाल के सबसे अनुभवी, दिग्गज और जनाधारी नेता अधीर रंजन चौधरी को फटकार कर खारिज कर दिया, क्योंकि उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ टिप्पणी कर दी थी। खडग़े ने ममता की तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के 'इंडिया' गठबंधन के साथ संबंधों की कुछ व्याख्या की और अधीर रंजन पर बोले-'वह फैसला लेने वाला कोई नहीं है। पार्टी आलाकमान तय करेगा।' बंगाल के कार्यकर्ता खडग़े की चेतावनी से नाराज हो गए और कांग्रेस अध्यक्ष की तस्वीरों पर स्याही पोत दी। बंगाल में सिर्फ अधीर रंजन की 'बहरामपुर' सीट ही बची है, जो कांग्रेस की विजयी सूची में दर्ज है। उसके अलावा, कांग्रेस-वाममोर्चा के साझा खाते में भी 'शून्य' ही दर्ज है। अधीर रंजन चौधरी निवर्तमान लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता रहे हैं। यह पद 'नेता प्रतिपक्ष' के लगभग समान ही था। खडग़े भी राज्यसभा में 'नेता प्रतिपक्ष' हैं। दोनों ही नेता कांग्रेस की शीर्षस्थ संस्था 'कांग्रेस कार्यसमिति' के सदस्य हैं। यह दीगर है कि खडग़े कांग्रेस के निर्वाचित अध्यक्ष हैं, लेकिन क्या आलाकमान के मायने ये होते हैं कि आप समकक्ष नेता को बेमानी और खारिज करार दें? कांग्रेस आलाकमान की यह संस्कृति ही देश ने इस कदर खारिज की है कि पार्टी को चुनाव-प्रचार में लगातार पाखंड खेलने पड़ रहे हैं कि यदि मोदी सरकार ही तीसरी बार सत्ता में आई, तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा। लोकतंत्र समाप्त किया जा सकता है और आम चुनाव अब कभी नहीं कराए जाएंगे। 'एक देश, एक नेता' का भी दुष्प्रचार किया जा रहा है। क्या दुनिया के सबसे बड़े, स्थापित लोकतांत्रिक देश भारत में ऐसी स्थितियां संभव हैं? जनता बखूबी जानती है कि ऐसे ढेरों भ्रम फैलाए जा रहे हैं। कमोबेश 4 जून को देश का जनादेश सार्वजनिक हो जाएगा। बहरहाल ममता बनर्जी ने बयान दिया था कि यदि केंद्र में गैर-भाजपा और 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनती है, तो तृणमूल कांग्रेस दिल्ली में उसे बाहर से समर्थन देगी। इस पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने ममता को 'अवसरवादी नेता' करार दिया। ममता 'इंडिया' गठबंधन के संस्थापकों में थीं, लेकिन पश्चिम बंगाल में 'इंडिया' के खिलाफ चुनाव में उतरीं। कांग्रेस-वाममोर्चा के साथ सीटों का बंटवारा नहीं हो सका, लिहाजा ममता ने अकेले ही चुनाव लडऩे की घोषणा की थी। तृणमूल कांग्रेस राज्य की सभी 42 लोकसभा सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ रही है। यकीनन भाजपा के खिलाफ 'इंडिया' को बड़ा नुकसान हुआ है। अधीर रंजन ने ममता बनर्जी को यहां तक 'अवसरवादी' माना है कि यदि बंगाल में भाजपा अच्छी-खासी सीटें जीत गई और केंद्र में भी भाजपा-एनडीए को बेहतर जनादेश मिल गया, तो ममता भाजपा के साथ भी जा सकती हैं। दोनों के बीच 'घनिष्ठ संबंधों' की तरह मिलीभगत है। ममता ने अभी जो बयान दिया था, उसके अगले दिन ही उन्होंने अपने शब्दों में संशोधन किया और कहा कि तृणमूल कांग्रेस भी 'इंडिया' का हिस्सा है। समग्रता में देखा जाए, तो 'इंडिया' के कथित घटकों के बीच, जमीनी स्तर पर, जो रूखापन, कटुता और हिंसा चुनाव के दौरान देखी गई है, उसने तमाम राजनीतिक गणनाओं को बिगाड़ दिया है। तृणमूल कांग्रेस अपने वर्चस्व के लिए राजनीति करती रही है, जबकि बंगाल में कांग्रेस और वाममोर्चा अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# मिस परफेक्ट कॉटेस्ट में मॉडल्स ने बिखेरे जलवे

देहरादून। सिनमिट कम्युनिकेशन्स की ओर से मोहब्बेवाला में सोमवार को आयोजित कमल ज्वेलर्स- ब्लेंडर्स प्राइड मिस उत्तराखंड-2024 के मिस परफेक्ट टेन सब कांटेस्ट में मॉडल्स ने जलवे बिखेरे। मॉडल्स ने आकर्षक ड्रेसेस पहन कर कैट वॉक की। कांटेस्ट में 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सब कांटेस्ट का रिजल्ट ग्रैंड फिनाले के दिन ही घोषित किया जाएगा। कार्यक्रम में हल्द्वानी, हरिद्वार, ऋषिकेश, पौड़ी और रुड़की की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजक दलीप सिंधी, राजीव मित्तल ने बताया कि 26 मई को ग्रैंड फिनाले का आयोजन होगा। इस मौके पर मिस उत्तराखंड फर्स्ट रनरअप 2022 हिमानी रावत, मिस उत्तराखंड फोर्थ रनरअप 2022 राजश्री डोभाल, जनरल मैनेजर बीएम डब्ल्यू राशिद खान निर्णायक की भूमिका में रहे।

# पदोन्नति में शिथिलता के प्रकरणों का विभागाध्यक्ष जल्द करें निस्तारण

देहरादून। कर्मचारियों के पदोन्नति के खाली पदों को भरने के लिए शासन ने पदोन्नति में शिथिलता की सुविधा दी है। ये सुविधा 30 जून को समाप्त हो रही है। अभी तक विभागों की ओर से पदोन्नति के प्रकरणों का निस्तारण न करने पर अपर मुख्य सचिव कार्मिक आनंद बर्द्धन की ओर से सोमवार को नाराजगी जताई गई। विभागों को जल्द से जल्द पदोन्नति के खाली पदों को भरने के निर्देश दिए। सभी सचिवों, विभागाध्यक्षों को जारी निर्देश में कहा कि पदोन्नति के प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाई जाए। शासन की ओर से कर्मचारी संगठनों की मांग पर पदोन्नति में शिथिलता की व्यवस्था की। 30 जून तक कर्मचारियों को ये लाभ मिलना था। अभी तक विभागों के स्तर पर कोई प्रगति इस मामले में होती नजर नहीं आ रही है। इसे लेकर कर्मचारी संगठनों की ओर से भी आपत्ति जताई जा रही है। पदोन्नति के प्रकरणों में तेजी लाते हुए 30 जून तक सभी प्रकरणों का निस्तारण कर कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ सुनिश्चित कराने की व्यवस्था करे। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष अरुण पांडेय ने कहा कि 30 जून तक हर हाल में पदोन्नति से जुड़े प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। शिथिलता का लाभ न मिलने से कई कर्मचारी बिना पदोन्नति का लाभ लिए ही रिटायर हो रहे हैं।

# गोल्ड कप में प्रियांश के शतक से जीती दिल्ली

देहरादून। ऑल इंडिया उत्तराखंड गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सोमवार को सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल में खेले गए मुकाबले में प्रियांश की शतकीय पारी के दम पर दिल्ली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन(डीडीसीए) ने बिहार इलेवन को आठ विकेट से हराया। दूसरे मैच में दिल्ली चैलेंजर्स ने सात विकेट से जीत दर्ज की।डीडीसीए और बिहार के बीच हुए मैच में बिहार ने पहले बल्लेबाजी की। टीम की शुरुआत खराब रही। 34.3 ओवर में 241 रन के स्कोर पर पूरी टीम आउट हो गई। बिहार के लिए गौतम जोशी ने सर्वाधिक 88, विवेक कुमार ने 44 रनों की पारी खेली। दिल्ली के लिए सिद्धार्थ शर्मा ने चार विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत धमाकेदार रही। सलामी बल्लेबाज प्रियांश ने 104, सलिल ने 63 रनों की पारी खेली। इसके बाद ज्योति सिद्धू ने 29 गेंदों में 56 रन जड़कर 30वें ओवर में टीम को जीत दिला दी।

गेंदबाजों के दम पर जीती दिल्ली चैलेंजर्स

अभिमन्यु क्रिकेट एकेडमी में सोमवार को दिल्ली चैलेंजर्स ने गेंदबाजों के दम पर राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को सात विकेट से हराया। बारिश के कारण मैच में व्यवधान भी पैदा हुआ। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 43.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 181 रन का लक्ष्य दिया था। इसमें सुमित से सर्वाधिक 56 रन बनाए। दिल्ली के लिए शिवम शर्मा ने चार, कुलवंत ने तीन विकेट लिए।

## संक्षिप्त खबरें

### 109वां देवी प्रकटोत्सव समारोह मनाया

हरिद्वार। कनखल के तारा देवी मंदिर में सोमवार को 109वां देवी प्रकटोत्सव समारोह में देवी कन्या पूजन और दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। वहीं, भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। मंदिर को फूलों से सजाकर तारा माता का श्रृंगार किया गया। 20 मई 1915 को महानंद मिशन पहाड़ी बाजार कनखल में गंगा के तट पर तारा देवी ने सिद्ध तपस्वी संत स्वामी महानंद गिरी को कन्या के रूप में दर्शन दिए थे। तब से निरंतर महानंद मिशन कनखल में तारा देवी का प्रकटोत्सव समारोह श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है।

### देवर पर भाई-भाभी को पीटने का आरोप

हरिद्वार। गेस्ट हाउस की आमदनी में गड़बड़ी का विरोध करने पर एक युवक ने अपने भाई-भाभी की पिटाई कर दी। बीच बचाव में आए नाबालिग भतीजे को भी नहीं बख्शा। पीड़ित महिला की शिकायत पर सोमवार को शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।घटना 18 मई की बताई जा रही है। पुलिस को दी गई शिकायत में शालिनी मनचंदा पत्नी संदीप मनचंदा निवासी लाल मंदिर आर्यनगर ज्वालापुर ने बताया कि शिवमूर्ति चौक के पास उनकी पुश्तैनी संपत्ति में गेस्ट हाउस का संचालन हो रहा है। उसका पति एवं देवर संयुक्त रूप से गेस्ट हाउस का संचालन करते चले आ रहे है। आरोप है कि इस दौरान सामने आया कि देवर ने आमदनी में गड़बड़ी की हुई है। इस संबंध में जब देवर से बातचीत की गई तब वह भड़क गया। आरोप है कि 18 मई को देवर ने उसके पति से मारपीट कर दी। पति से मारपीट की जानकारी मिलने पर जब वह पहुंची तब उसे और उसके नाबालिग बेटे से भी धक्का मुक्की करते हुए मारपीट की गई। आरोप है कि देवर ने गाली-गलौज करते हुए हत्या की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि रविवार को इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### घर बैठे कमाई का झांसा देकर महिला से 35 हजार ठगे

हरिद्वार। एक महिला से ऑनलाइन 35 हजार की रकम ठग ली गई। पीड़िता की शिकायत पर ज्वालापुर पुलिस ने सोमवार को अज्ञात आरोपी के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र की कैनाल कालोनी सिंहद्वार निवासी प्रीति तोमर पत्नी उमेश कुमार ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि बीती 18 मार्च को उसे एक फोन कॉल आई। कॉल कर रहे शख्स ने उसे झांसा दिया कि घर बैठे बैठे वह कमाई कर सकती है, जिसकी एवज में उसे 35 हजार की रकम ऑनलाइन उनके बैंक खाते में जमा करनी होगी। महिला ने विश्वास करते हुए 35 हजार की रकम ट्रांसफर कर दी। आरोप है कि रकम जमा करने के कुछ समय बाद उसने जब उक्त मोबाइल फोन नंबर पर संपर्क साधा तो वह मोबाइल नंबर स्विच ऑफ मिला। जिसके बाद से ठगी का एहसास हुआ। पीड़िता ने साइबर सेल को इस संबंध में शिकायत दी, जिसके बाद ज्वालापुर पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी रमेश सिंह तनवार ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी है।

### शिक्षा से अच्छे संस्कार उत्पन्न होते है: विजयपाल सिंह

हरिद्वार। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मायापुर में सोमवार को मेधावी छात्र-छात्राओं को कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक डॉ. विजयपाल सिंह ने कहा कि शिक्षा से बौद्धिक विकास के साथ बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा होते हैं। उन्हें सही परख और अच्छी दिशा मिलती है। शिक्षा से वह प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हैं। बिना शिक्षा के जीवन में उन्नति नहीं मिल पाती। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक जगपाल, सेवानिवृत डिप्टी एसपी सुनीता वर्मा, उप प्राचार्य अजय, मनीष धीमान आदि मौजूद रहे।

### मधुमेह रोग निवारण शिविर का समापन

हरिद्वार। भारतीय योग संस्थान पूर्वी जिले के मधुमेह रोग निवारण शिविर की शुरुआत सोमवार को कोमल सुमरा के सुंदर भजन के साथ हुई। शिविर में 275 ने साधकों ने भाग लिया। तरुण हिमालय स्कूल में आयोजित शिविर में राकेश ममगईं, जिला प्रधान सुधा जैन, सुधा जैन, सुरेश भट्ट, हरीश तनेजा, विजय पाल, सरोज चौंकियाल, सुधा राज, गीता सचदेवा, मीनाक्षी त्यागी, कांति रावत, मीनू गर्ग, नमिता नौटियाल, ज्ञान मेहता, नीलम नसवा, ऊषा सिडाना, बीना वर्मा, सरोज चौहान, सुभाष तनेजा, संदीप गुप्ता, राम शंकर कटियार, भगवान गुप्ता आदि सभी ने निष्काम सेवा दी। संचालन प्रवीन अरोड़ा ने किया।

### मुंबई के युवक ने निवेश के नाम पर 1.54 लाख हड़पे

हरिद्वार। निवेश के नाम पर एक व्यक्ति से 1.54 करोड़ की रकम हड़प ली गई। हकीकत सामने आने पर पीड़ित ने इस संबंध में मुंबई निवासी आरोपी के खिलाफ कोतवाली रानीपुर में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र की पॉश कालोनी शिवालिक नगर के 203-एच कलस्टर में जय किशोर सिंघल पुत्र त्रिलोक चंद सिंघल अपने परिवार के साथ रहते है। शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी मुलाकात प्रिजेष अरुण कुमार कुरानी निवासी कोठरी बिल्डिंग गोकली बाई स्कूल के सामने संन्यास आश्रम लेन, विले पार्ले मुंबई से किसी परिचित के माध्यम से हुई थी। आरोप है कि प्रिजेष कुमार ने बताया था कि वह निवेश कराने का कार्य करता है और उसके कहने पर निवेश करने पर बेहतर मुनाफा होगा। उसने कई निवेशकों के संबंध में विस्तार से जानकारी भी दी। आरोप है कि उस पर विश्वास करते हुए उसने अप्रैल 2021 में अलग-अलग तिथियों में उसके बैंक खाते में 1.54 करोड़ की रकम ट्रांसफर कर दी। कुछ वक्त गुजरने के बाद जब रकम निवेश करने के संबंध में जानकारी चाही तब वह टाल मटोल करता। आरोप है कि संदेह होने पर जब रकम वापस मांगी गई तब उसने रकम देने से इनकार कर दिया। रविवार देर रात इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### मेधावी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

हरिद्वार। शिवलोक कालोनी स्थित एजुकेशन पॉइंट में 10 वीं एवं 12 वीं के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। एजुकेशन पॉइंट के हरिद्वार। शिवलोक कालोनी के एजुकेशन पॉइंट में 10 वीं और 12 वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। संचालक राजेंद्र सिंह रावत और दीपक नेगी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में दसवीं के छात्र दिव्यांश पाराशर, श्रेयांश बहुगुणा, अभिनव पंवार, कार्तिक बिष्ट, अवंतिका, गुरु सेवक, जय जोशी आदि को सम्मानित किया गया। 12वीं में साक्षी चौबे, सुवी शुक्ला को उनके उत्कृष्ट नतीजे पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मुकेश कौशिक, तरुण हिमालय शिक्षा मंदिर के प्रधानाचार्य राकेश ममगाई, निवर्तमान पार्षद निशा नौडियाल, राकेश नौडियाल, डा. अनिरुद्ध पुंडीर, मुनीश गर्ग आदि मौजूद रहे।

# एसएसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में पौड़ी पुलिस ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

■ दुकानों का सामान अनावश्यक रूप से सड़कों पर फैलाकर अतिक्रमण करने वाले 24 दुकानदारों के विरुद्ध की गयी चालानी कार्यवाही

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



पौड़ी 21 मई : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा जनपद में आमजन का आवागमन भी सुगम रहे व यातायात व्यवस्था भी सुचारू रूप से चलती रहे जिसके दृष्टिगत बाजार की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त किये जाने व सड़कों पर खडे अव्यवस्थित वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही पार्क किये जाने के सम्बन्ध में समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है।

जिसके क्रम में कोतवाली कोटद्वार पुलिस टीम द्वारा कोटद्वार में दुकानदारों, रेड़ी ठेली वालों को अपनी दुकानों का सामान सड़क पर फैलाकर अतिक्रमण न करने हेतु हिदायत दी गयी थी साथ ही टैक्सी यूनियन के चालकों को भी बताया गया था कि वह अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों में ही पार्क करें अनावश्यक रूप से सड़कों पर अपने वाहनों को खड़ा ना करें जिससे जाम की स्थिति पैदा न हो और यातायात व्यवस्था भी सुचारू रूप से चल सके। कोटद्वार पुलिस टीम द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाते हुए जिन दुकानदारों व रेड़ी ठेली वालों ने द्वारा अपना सामान अनावश्यक रूप से फुटपाथों पर फैलाकर अतिक्रमण किया गया था ऐसे 24 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गयी।



## सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने को चलाएं अभियान

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने अफसरों को सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण की कई शिकायतें मिली। जिस पर उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में डीएम के सामने कुल 84 शिकायतें मिलीं। खासतौर अतिक्रमण और जमीनों से जुड़े विवाद की तमाम शिकायतें मिली हैं। साथ ही जौलीग्रांट में सील भूमि पर निर्माण होने, ननूरखेड़ा में सफाई न होने के साथ ही चकराता में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क मानक अनुरूप न होने की शिकायत लोगों ने की। डीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों के साथ ही नगर निगम और नगर निकाय के अधिकारियों से सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाने को कहा। उन्होंने जौलीग्रांट में सील जमीन पर निर्माण के मामले में एसडीएम डोईवाला और एमडीडीए को कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने डेंगू और मानसून को देखते हुए नालों की सफाई पर भी रिपोर्ट मांगी। डीएम सोनिका ने कहा कि पेयजल शिकायतों को लेकर तीन कंट्रोल रूम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें आ रही शिकायतों की लगातार निगरानी की जा रही है।

जनसुनवाई में अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, एडीएम वित्त रामजी शरण शर्मा, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार, एसडीएम सदर हरगिरी, एसडीएम मुख्यालय शालिनी नेगी, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विद्याधर कापड़ी, अधिशासी अभियंता ऊर्जा निगम राकेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## दून मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग अधिकारियों का बढ़ेगा वेतन

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 13 हजार रुपये वेतन में कार्य कर रहे नर्सिंग अधिकारियों का वेतन जल्द बढ़ सकता है। कॉलेज प्रबंधन वेतन बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव निदेशालय एवं शासन को भेज रहा है। उम्मीद है आचार संहिता के बाद इस मुद्दे पर सरकार एवं शासन द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय लिया जा सकता है। क्योंकि मेडिकल कॉलेजों में इन नर्सिंग स्टाफ द्वारा स्टाफ की कमी के बीच बेहतर कार्य किया जा रहा है। कॉलेज में कार्यरत सौ से ज्यादा नर्सिंग अधिकारियों ने कम वेतन एवं काम की अधिकता के चलते 21 मई से आंदोलन की चेतावनी दी थी। जिस पर एमएस डॉ. अनुराग अग्रवाल, डीएमएस डॉ. धनंजय डोभाल, एएनएस दीपशिखा एवं एजेंसी प्रतिनिधियों की बैठक हुई। जिसमें नर्सिंग अधिकारियों ने बताया कि एक नर्सिंग स्टाफ को 45-45 मरीज देखने पड़ते हैं। बिना वार्ड ब्वॉय के दो-दो स्टाफ देखने पड़ते हैं। डॉ. अनुराग अग्रवाल के मुताबिक प्राचार्य के निर्देश पर वेतन बढ़ोत्तरी का एक प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है। स्टाफ की कमी दूर करने का भी आश्वासन दिया गया। उधर, प्रबंधन के आश्वासन के बाद 21 मई से होने वाला कार्य बहिष्कार भी कर्मचारियों ने वापस ले लिया है। आउटसोर्स नर्सिंग अधिकारी एसो. की अध्यक्ष दीक्षा, संजना थपलियाल, सूरज, जिया, अमनदीप कौर, गायत्री, नम्रता, गीतिका राजपूत, मनीष चौहान आदि मौजूद रहे।

## यूटीयू की परीक्षा में छात्रा सहित तीन नकलची पकड़े

देहरादून। वीर माधों सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं में सोमवार को रुड़की व टिहरी में एक छात्रा सहित दो नकलची पकड़े गए। उड़न दस्ता टीम ने वहां निरीक्षण के दौरान ये कार्रवाई की। वहीं विवि के कुलपति डा. ओंकार सिंह ने भी दून के तीन संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। हालांकि वहां सारी व्यवस्थाएं सही पायी गई। कुलपति डा. ओंकार सिंह ने बताया कि उड़न दस्ता टीम ने आरसीपी कॉलेज रुड़की में फार्मेसी के एक छात्र को सुबह की पाली में नकल करते हुए पकड़ा गया। जबकि रुड़की के ही आरआईटी इंस्टिट्यूट में बीटेक कंप्यूटर साइंस के एक छात्रा को तथा एक छात्र टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज नई टिहरी में नकल करते पकड़ा गया। वहीं कुलपति ने राजपुर रोड स्थित जीआरडी इंस्टीट्यूट, आईसीएम कॉलेज राजपुर रोड और ज्ञानी इंदर सिंह फार्मेसी कॉलेज मसूरी डायवर्जन रोड का निरीक्षण किया गया। जहां सारी व्यववस्थाएं ठीक मिली।

## बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर मकान मालिक पर चालानी कार्यवाही

अल्मोड़ा। एसएसपी अल्मोड़ा के निर्देशन में द्वाराहाट पुलिस ने सत्यापन अभियान चलाया इस दौरान बिना पुलिस सत्यापन किरायेदार रखने पर 01 मकान मालिक का 10 हजार रुपए का चालान किया गया और बिना सत्यापन रह रहे 14 मजदूरों पर भी चालानी कार्यवाही की गई। एसएसपी देवेन्द्र पींचा द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत सत्यापन अभियान चलाकर बाहरी व्यक्तियों का शत-प्रतिशत सत्यापन करने एवं बिना सत्यापन किराएदार, मजदूर रखने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही हेतु सख्त निर्देश दिए गए हैं। रविवार को थानाध्यक्ष द्वाराहाट अवनीश कुमार के नेतृत्व में द्वाराहाट पुलिस ने कस्बा द्वाराहाट व ग्राम बग्वाली पोखर में बाहरी मजदूर एवं किराएदारों का सत्यापन अभियान चलाया। सत्यापन के दौरान एक मकान मालिक द्वारा बिना पुलिस वैरिफिकेशन के किरायेदार रखे पाये जाने पर सम्बन्धित मकान मालिक के विरुद्ध धारा 83 पुलिस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 10,000 रुपए का कोर्ट चालान किया गया। इसके अतिरिक्त 14 मजदूरों का बिना सत्यापन के रहने पर पुलिस एक्ट के तहत चालान कर पांच हजार दो सौ पचास रुपये संयोजन शुल्क वसूला गया। अभियान के दौरान 19 किराएदारों का सत्यापन भी किया गया।

## लिटिल साइंटिस्ट कैंप में खेल-खेल में बच्चों ने सीखा विज्ञान

अल्मोड़ा। उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के अंतर्गत नगर के समीप स्यालीधार स्थित मानसखंड विज्ञान केंद्र में लिटिल साइंटिस्ट कैंप का समापन रविवार को हुआ। पांच दिन चले इस कैंप का उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत तथा मानसखंड विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ नवीन चंद्र जोशी ने किया। कैंप के प्रथम दिन बच्चों ने साइंस मैजिक ट्रिक्स, मेज़रमेंट एंड फन गेम्स, दूसरे दिन फन साइंस गैलरी विजिट, बॉडी पार्ट्स, फायर सेफ्टी, मैजिक शो, तीसरे दिन क्लाइमेट चेंज गैलरी, साइंटिफिक टॉय मेकिंग, हॉल ऑफ़ फेम सेशन, अर्थक्वेक सेफ्टी, चौथे दिन लर्निंग थ्रू कार्टून्स, कलर्स, रेनबो, लाइट, बेसिक्स ऑफ़ कंप्यूटिंग, सोलर सिस्टम, सनलाइट, टेम्परेचर, थर्मामीटर तथा पांचवे दिन कांसेप्ट ऑफ़ साउंड, वाइब्रेशन, वेव्स, इंसेक्ट्स, मॉडल मेकिंग, टूल आइडेंटिफिकेशन विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रांसपोर्टनगर में 22 टायरा ट्रेलर पलटा

देहरादून। ट्रांसपोर्टनगर में 22 टायर का ट्रेलर (ट्राला) बेकाबू होकर पलट गया। उसमें टाइलें लदी थी। गनीमत रही कि उसकी चपेट में कोई नहीं आया। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। आईएसबीटी चौकी इंचार्ज विजय प्रताप रही ने बताया कि सोमवार सवेरे करीब पांच बजे आशारोड़ी की तरफ से एक ट्रेलर शहर की तरफ आ रहा था। तभी ट्रांसपोर्टनगर में बेकाबू होकर सड़क पर पलट गया। इस दौरान उसमें लदी टाइलें भी बिखर गई। टाइलें दूसरे ट्रक में लादकर हटाई गई। इस के बाद ट्रेलर को हटवाकर यातायात सुचारू कराया गया।

### स्कूल उत्सव में छात्रों ने मचाया धमाल

देहरादून। द हैरिटेज स्कूल न्यू कैंट रोड में सोमवार को स्कूल उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के जूनियर एवं सीनियर के छात्रों ने खूब धमाल मचाया।कार्यक्रम में खेलों व खाद्य सामग्री के स्टॉल लगाए गए। जिसमें लक्की डिप, फीड ल क्लाउन, हूपला, डिप द क्वॉइन खेलों से बच्चों ने जमकर आनंद लिया। उत्सव सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक चला। इस दौरान जैम सेशन मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा और बच्चों को जैम सेशन काफी पसंद आया। क्योंकि पढ़ाई से हटकर वे अपने पसंदीदा गानों में जमकर थिरके और सभी को मंत्रमुग्ध भी किया। इस दौरान स्कूल परिसर में अलग ही माहौल दिखाई दिया और जिसमें सभी बच्चो बड़े ही उत्साहित नजर आ रहे थे। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन चौधरी अवधेश कुमार, निदेशक विक्रांत चौधरी, काउंसलर चारू चौधरी एवं प्रधानाचार्य डाक्टर अंजू त्यागी, सारिका जैन, निवेदिता ढौढियाल सहित शिक्षक शिक्षिकायें एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

### गढ़वाल क्षेत्र में हो उत्तराखंड हाईकोर्ट

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी की ओर से हाईकोर्ट के जज, सीएम एवं मुख्य सचिव को चिट्ठी भेजी गई है। जिसमें उन्होंने मांग की है कि उत्तराखंड हाईकोर्ट को गढ़वाल क्षेत्र में स्थापित किया जाए। कहा कि प्रदेश की जनता भी चाहती है कि हाईकोर्ट गढ़वाल के किसी भी क्षेत्र में स्थापित हो। देहरादून बार एसोसिएशन के हाई कोर्ट स्थांतरण के लिएं चलाए जा रहे अभियान का समर्थन किया।

### छात्रों ने की ठेके व बार दस बजे बंद करने की मांग

देहरादून। डीएवी कालेज छात्रसंघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल के नेतृत्व में छात्रों ने सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम को ज्ञापन देकर मांग की गई कि डीजे की तरह ही शहर में शराब ठेके, क्लब व बार रात दस बजे तक बंद हो जाने चाहिए। सिद्धार्थ अग्रवाल के अनुसार जब शादी, पार्टी सहित तमाम आयोजनों को दस बजे बंद करने के निर्देश हैं। लेकिन बार व क्लब देर रात तक कहीं कहीं तो पूरी रात खुल रहे हैं। ऐसे में इनको भी दस बजे बंद करवाया जाए। इसके अलावा ठेकों के सामने पार्किंग की भी व्यवस्था कराई जाए। बिना पार्किंग वाले ठेके बंद करवाए जाएं। ठेकों के आगे वाहनों से जाम लग रहा है। जिससे वहां अव्यवस्था हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस मामले में जल्द कार्रवाई ना हुई तो आंदोलन होगा। ज्ञापन देने वालों में सौरभ पोखरियाल, सौरभ सेमवाल, स्वयं रावत, बंटी चौहान, यश नेगी, वत्सल, पट्टू, नितिन नेगी, तुषार वैद व शुभम चौहान आदि मौजूद रहे ।

### निर्माण कार्यों में रोक के बावजूद पेयजल के इस्तेमाल का आरोप

देहरादून। टुंब परिवार सामाजिक संस्था ने निर्माण कार्यो में रोक के बावजूद धडल्ले से पेयजल के हो रहे इस्तेमाल पर हैरानी जताई है। चुक्खुवाला में हुई बैठक में उत्तराखंड प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह ललकार ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन व जल संस्थान की रोक महज दिखावा है। चूंकि अभी तक ऐसे किसी मामले में सख्त कार्रवाई नहीं हुई है। चुक्खुवाला में ही कई जगह पर निर्माण कार्यों में पेयजल का इस्तेमाल हो रहा है। ऐसा ही शहर के अन्य स्थानों पर भी हो रहा है। भरी गर्मी में जनता पानी को तरस रही है और निर्माण कार्यों में रोक के बाद भी बे रोक टोक पानी का अवैध इस्तेमाल हो रहा है। मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण गोपाल रुहेला, अमित वर्मा, राहुल सोनकर, राकेश शर्मा, राकेश कुमार भट्ट, शिवम् भट्ट, दीपक गुसाईं, संदीप गुप्ता, चन्दर मोहन अरोड़ा, विजेंद्र सेमवाल, कैलाश सेमवाल, गुरदीप कौर, कुलबीर कौर चन्नी, लक्ष्मी पाल, दारा सिंह, वेद गुप्ता, अरविन्द मल्होत्रा, हेमंत शर्मा, मनप्रीत सिंह, राजेश नाथ मौजूद थे।